हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 18 नवंबर 2025

04 भावांतर योजना के तहत मंडियों में सोयाबीन खरीदी की...



07 मंदिर निर्माण पर आपत्ति, मौके पर पहुंची राजस्व...





**खबर संक्षेप**

### आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर**।वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नई सुविधा के तहत अगर किसी ने सीहोर से वाहन खरीदा है और वह भोपाल, इंदौर या उज्जैन जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर चाहता है, तो अब ऐसा करना संभव है। अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर उस जगह से प्राप्त कर सकेगा, जहां उसने वाहन खरीदा। आरटीओ से मिली जानकारी के अनुसार लोगों को अपने वाहनों के पंजीयन के लिए भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। वे मोटरयान क्रय करते समय संबंधित ऑटोमोबाइल डीलर के माध्यम से यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन-4 पोर्टल के कारण यह संभव हो सका है। यही नहीं, एक और बड़ी सुविधा मिल रही है। प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में अपने वाहनों पर अति सुरक्षा पंजीयन पट्टिका (हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट) लगवा सकेंगे।

### पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे फरार आरोपी की तलाश जारी है

# इलाज के दौरान पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला कर्मचारियों ने दी काम बंद की चेतावनी

बीच-बचाव करने वाले सैनिक व कर्मचारी भी घायल, दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार, कर्मचारियों ने दी काम बंद की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला अस्पताल परिसर रविवार रात उस समय बवाल मच गया, जब इलाज के लिए पहुंचे एक टेंट कारोबारी और उनके पिता पर तीन लोगों ने मारपीट कर दी। यह विवाद इतना गंभीर था कि बीच-बचाव करने आए अस्पताल के एक कर्मचारी और एक सैनिक को भी चोटें आईं। इस घटना के बाद से अस्पताल स्टाफ में गहरा आक्रोश है।

पुलिस के अनुसार अंबेडकर नगर गंज निवासी टेंट कारोबारी प्रवेश परिहार ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार रात करीब 10 बजे भोपाल नाका के पास आरोपी दीपक परमार और उसके साथियों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। जब प्रवेश परिहार अपने पिता हरि सिंह के साथ वापस कारण पूछने भोपाल नाका पहुंचे, तो आरोपियों ने दोनों से फिर मारपीट की। इसके बाद मारपीट में घायल पिता-पुत्र जब इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे तो आरोपी दीपक परमार, भानू राठौर और नवीन राठौर अस्पताल में घुस आए और उन पर तीसरी बार हमला कर दिया। एफआईआर के अनुसार आरोपी भानू राठौर ने हरि सिंह के सिर पर रॉड से वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा।





### तीन अलग-अलग मामले दर्ज

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन अलग-अलग गंभीर अपराधों के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं, जिनमें पिता-पुत्र पर हमले को लेकर आरोपियों पर एससी-एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं सैनिक की शिकायत पर सरकारी काम में बाधा डालने और झूमाझटकी के तहत अलग से मामला दर्ज किया है।

### सुरक्षाकर्मी भी घायल, पुलिस ने दर्ज किए तीन मामले

अस्पताल में मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आया एक अन्य युवक (अस्पताल कर्मचारी) आकाश भी घायल हुआ। वहीं अस्पताल चौकी में तैनात सैनिक बोंदर सिंह ने भी शिकायत दर्ज कराई कि आरोपियों ने उन्हें सरकारी कार्यवाही करने से रोका और उनसे झूमाझटकी की, जिससे उनकी कलाई और उंगली में चोट आई।

### कर्मचारियों ने दी काम बंद की चेतावनी

अस्पताल परिसर में मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा भंग होने पर आक्रोशित जिला अस्पताल के सभी कर्मचारी सोमवार को एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एएसपी सुनीता रावत को ज्ञापन सौंपकर परिसर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मंगलवार तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किए गए तो वे काम बंद हड़ताल कर देंगे।

### दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

सीएसपी अभिनंदना शर्मा के अनुसार पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों में दीपक परमार और नवीन राठौर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीसरे फरार आरोपी भानू राठौर की तलाश की जा रही है।

## विधायक सुदेश राय ने बीएसआई मैदान के लिए दिया चार लाख का रोलर

### शहर में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं: सुदेश राय



**सीहोर**। खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें तराशने और बढ़ावा देने की। हमें प्रयास करना होगा कि हम ऐसी प्रतिभाओं को पहचान कर बढ़ावा दें, तभी हमें अच्छे खिलाड़ी मिल सकते हैं। बीएसआई खेल मैदान क्रिकेटरों के लिए आदर्श मैदान है, इसी कारण यहां पर प्रदेश ही नहीं देश के विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खेलना पसंद करते है। उक्त विचार सोमवार को अपने जन्म दिन के मौके पर विधायक सुदेश राय ने कहे। उन्होंने मैदान के समतलीकरण और पिच के लिए अपनी स्वयं की राशि से चार लाख रुपए के रोलर प्रदान किया है। जिससे आगामी दिनों में मैदान दुरुस्तीकरण का कार्य होता रहेगा। इसके अलावा उन्होंने कहाकि खिलाड़ियों के लिए हर समय में मदद के लिए तत्पर हूं।

सोमवार को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के जन्म दिन के मौके पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, इरफान हुसैन, मनोज दीक्षित मामा, नवनीत तोमर, भारत गुप्ता, अतुल जैन, मनोज चौरसिया, दिग्विजय सिंह राजपूत, नागेन्द्र व्यास, कमलेश पारोचे, अतुल कुशवाहा, अतुल त्रिवेदी, आशीष शर्मा, महेन्द्र शर्मा, प्रदीप आहुजा, मदन कुशवाहा, वरुण शर्मा, अभिषेक परसाई, सुनील जलोदिया सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। इस दौरान गत दिनों मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली गई जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। श्री राय ने कहाकि क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। इससे शहरीय और ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ी लाभांवित होंगे। हमारे शहर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, सिर्फ उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान करने की आवश्यकता है।

## भारतीय मजदूर संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**सीहोर**। भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई द्वारा शासकीय व अशासकीय कर्मचारियों एवं श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधिक एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्ट श्री परमार को सौंपा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला मंत्री विनीत दुबे ने बताया कि प्रदेश भर में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र, शासकीय, निजी उद्योग क्षेत्र में कार्यरत नियमित, संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, अंशकालीन श्रमिक, कर्मचारियों, पेंशनर्स, वरिष्ठ नागरिक, आशा उषा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायकों की विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। इनज ्यज मांगों को लेकर आज जिला मुख्यालय पर भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई द्वारा कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया है। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के पूर्व विभाग प्रमुख अनिल शर्मा, वीरसिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष राम परमार, जिला मंत्री विनीत दुबे, जिला उपाध्यक्ष विनोद बोयत, चंद्रभान सिंह यादव, श्री सक्सेना , जीवन सिंह विश्वकर्मा, अनुराग राठौर, कृष्णकांत यादव, नरेश यादव, दीपक यादव, दुलारे यादव, प्रकाश पवैया, देवेंद्र राठौर, अजब सिंह मेवाड़ा, मनोज अहिरवार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### संकुल प्राचार्य ने किया आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण

## डेढ़ माह से अनुपस्थित अतिथि शिक्षक की सेवा समाप्त की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ब्रिजीशनगर संकुल प्राचार्य बीएल मालवीय ने सोमवार को क्षेत्र की करीब आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्राचार्य को कुछ स्कूलों में अव्यवस्थाएं देखने को मिली। इस पर प्राचार्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित स्कूल प्रभारी को फटकार लगाई साथ ही व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। माध्यमिक शाला अलीपुर में एक अतिथि शिक्षक बिना सूचना के करीब डेढ़ माह से अनुपस्थित पाए गए।

इस पर प्राचार्य ने लापरवाह अतिथि शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी सेवा समाप्त कर दी है। प्राचार्य श्री मालवीय कक्षाओं में पहुंचे जहां छात्र छात्राओं से कई सवाल जवाब किए। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

सोमवार दोपहर करीब 11.45 बजे प्राचार्य श्री मालवीय मिडिल स्कूल नादान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक और अकादमिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

इसके बाद वह कक्षाओं में पहुंचे और छात्र छात्राओं से कोर्स व सामान्य ज्ञान के कई सवाल जवाब किए। पढ़ाई को लेकर बच्चों को आवश्यक टिप्स दिए। इसके बाद प्राचार्य द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला वीरपुरा , प्राथमिक शाला मंडलगढ़, माध्यमिक शाला अलीपुर का ओचक निरीक्षण किया । प्राचार्य श्री मालवीय ने बताया कि शासकीय माध्यमिक शाला अलीपुर में अतिथि शिक्षक वर्ग 2 गणित संकाय के राहुल राजन खरे पिछले 4 अक्टूबर से लगातार अनुपस्थित पाए गए। इस कारण उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है । निरीक्षण के दौरान अन्य स्कूलों में भी कुछ अव्यवस्थाएं देखने को मिली। इस पर प्राचार्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित स्कूल प्रभारी को फटकार लगाई साथ ही सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान श्री मालवीय ने स्कूल प्रबंधन को छात्र छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने , ई अटेंडेंस लगाने, बच्चों को गुणवत्ता युक्त एमडीएम परोसे जाने सहित अन्य व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। श्री मालवीय आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में भी शामिल हुए।

### कलेक्टर ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के प्रभावी संचालन के दिए निर्देश

## तंबाकू सेवन रोकने के लिए जनभागीदारी और निरंतर जागरूकता ही सबसे प्रभावी हथियार है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक कल्याण से भी जुड़ा विषय है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि जिले में तंबाकू के उपयोग पर रोकथाम एवं जन-जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी' बनाया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि तंबाकू सेवन रोकने के लिए "'जनभागीदारी और निरंतर जागरूकता'" ही सबसे प्रभावी हथियार है। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति कम हो और नागरिकों को स्वस्थ वातावरण मिल सके।




कलेक्टर बालागुरू के. ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिले के नागरिकों को तंबाकू छोड़ने हेतु प्रेरित करने के लिए संचालित किए जा रहे विशेष अभियान ₹तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0₹ को और अधिक प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं और जिले के सभी स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों को नशा छोड़ने में सहयोग देने हेतु परामर्श व उपचार सुविधाएँ बढ़ाई जाएँ। कलेक्टर बालागुरू के. ने तंबाकू के दुष्प्रभावों, कैंसर और अन्य गंभीर रोगों के जोखिम पर आमजन को जागरूक करने के लिए पोस्टरों, रैलियों, डिजिटल मीडिया और विभिन्न आयोजन के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने जानकारी दी कि ₹तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0₹ एवं ₹तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान कार्यक्रम₹ के अंतर्गत अभी तक जिले के कुल 107 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जा चुका है। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि लक्ष्य अनुसार जिले के 400 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि तंबाकू मुक्त गांव बनाने के लिए भी निरंतर कार्य करें। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए जिला अस्पताल में कोटपा एक्ट के तहत अभी तक 13 हजार रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही अभी तक 180 मरीजों को निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी दी गई है।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों और कॉलेजों में तंबाकू के दुष्प्रभावों पर विशेष सत्र, पोस्टर प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ। सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान और तंबाकू सेवन पर रोक के प्रावधानों का कठोरता से पालन कराया जाए। इसके साथ ही उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस नियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए। तंबाकू दुकानों का लाइसेंसिंग सिस्टम भी मजबूत किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्पर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

### 50 लाख रुपए तक ऋण का प्रावधान

**सीहोर।** जनजातीय वर्ग के उत्थान और युवाओं को स्व-रोजगार के अवसर देने के लिए 50 लाख तक का ऋण देने का भगवान बिरसा मुंडा और टंटया मामा योजना में प्रावधान किया गया है। शासन द्वारा जनजातीय वर्ग के युवाओं को रोजगार एवं मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भगवान बिरसा मुंडा और टंटया मामा स्वरोजगार योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें युवाओं को एक लाख से 50 लाख तक का ऋण मिल सकता है, जिससे वे स्वयं तो अपना स्वरोजगार स्थापित कर ही सकते हैं, बल्कि अन्य युवाओं के लिए भी रोजगार के अवसर उपलब्धर करा सकते हैं। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में आवेदक सेवा अथवा व्यवसाय के लिए एक लाख से 25 लाख तक ऋण ले सकते हैं और इसी प्रकार निर्माण इकाई के लिए एक लाख से 50 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध ले सकते हैं। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन किए जा सकते है।

### प्रशासन को पार्किंग व्यवस्थित करानी चाहिए

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर बने बैंकों के पास अपनी पार्किंग नहीं है। बैंक अधिकारी, कर्मचारी और ग्राहक अपने वाहन बैंकों के सामने ही खड़े कर देते हैं। इससे हाईवे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के सामने होती है। यहां आधी सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं। इससे कई बार लंबा जाम लग जाता है। हाईवे पर कई बैंक हैं, लेकिन किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इससे गुजरने वाले वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती।

**टीएल बैठक : कलेक्टर बोले विभिन्न परियोजनाओं के लिये भू-अर्जन की प्रक्रिया में लाएं तेजी**

# भावांतर योजना के तहत मंडियों में सोयाबीन खरीदी की कार्रवाई के साथ मॉनिटरिंग करें: कलेक्टर

**कलेक्टर ने जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता और सुचारू वितरण के अधिकारियों को दिये निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने टीएल बैठक के दौरान जिले में चल रहे मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य' की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मूल आधारशिला है, इसलिए पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य अत्यंत संवेदनशील एवं प्राथमिकता का है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन की प्रगति स्वयं मॉनिटर करें और कमियों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिऐ कि प्रत्येक बीएलओ के काम की समीक्षा और एसआईआर की फील्ड में जाकर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि हर दिन एसआईआर के काम की मॉनिटरिंग करें और यह कार्य समय सीमा में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को पुनरीक्षण कार्य की 'गति और गुणवत्ता' दोनों को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि जो भी क्षेत्रों में कार्य धीमा है, वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने जनजागरूकता बढ़ाने और मतदाताओ की गणना फार्म भरने में मदद करने के भी निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, एसडीएम स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

### विभिन्न परियोजनाओं के लिये भू-अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाएं

कलेक्टर बालागुरू के. ने रेलवे तथा नेशनल हाईवे से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को कार्य में 'गति लाने' के निर्देश दिए। बैठक में भू-अर्जन, मुआवजा वितरण तथा प्रभावित भूमि पर समयसीमा के भीतर कब्जा दिलाने से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रेलवे एवं नेशनल हाईवे जैसी प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाएँ जिले के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए इनके लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण के कार्यों में देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने, शेष पात्र भू-स्वामियों को 'समुचित एवं पारदर्शी मुआवजा' शीघ्र वितरित करने तथा कब्जा दिलाने की प्रक्रिया को नियम अनुसार जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जहाँ भी तकनीकी अथवा प्रशासनिक अड़चनें हैं, उन्हें विभाग तुरंत चिन्हित कर समाधान प्रस्तुत करें, ताकि परियोजनाएँ बिना बाधा आगे बढ़ सकें। उन्होंने फील्ड स्तर पर नियमित समीक्षा, रिपोर्टिंग और सतत निगरानी की व्यवस्था मजबूत करने पर भी जोर दिया।

मंडी सोयाबीन खरीदी की कार्यवाही की मॉनिटरिंग करें

कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में मंडियों में बोली को 'कृत्रिम रूप से नीचे आने' न दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने संबंधित मंडी अधिकारियों, उप संचालक कृषि एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन मंडी गतिविधियों की 'सघन मॉनिटरिंग' करें। यदि किसी व्यापारी या एजेंट द्वारा मिलीभगत कर बोली दबाने, अनुचित व्यवहार या किसी प्रकार की हेराफेरी की कोशिश की जाती है, तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने मंडियों में पारदर्शिता बढ़ाने, खरीद प्रक्रिया को सुचारू रखने तथा किसानों को सही और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए।

### धान खरीदी के लिए समुचित व्यवस्थाएं करें

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में धान उपार्जन की तैयारी की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों और एजेंसियों को सभी 'आवश्यक व्यवस्थाएँ समय रहते पूर्ण' करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्था मजबूत और सुव्यवस्थित करनी होगी। कलेक्टर ने खाद्य, विपणन, सहकारी संस्थाओं एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी के लिए 'तौल-कांटे, बारदाने, स्टाफ, परिवहन व्यवस्था, भंडारण स्थल तथा आईटी उपकरणों' की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, शेड और प्रतीक्षा व्यवस्था जैसे 'किसान-हितैषी प्रबंध' भी पूरी तरह दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के, खरीदी, तुलाई और भुगतान की पूरी प्रक्रिया 'पारदर्शी और व्यवस्थित' रहे। किसी भी केंद्र पर अनावश्यक प्रतीक्षा या तकनीकी समस्या न हो, इसके लिए अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

### जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता और सुचारू वितरण सुनिश्चित करें

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों और आपूर्ति एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जाए और किसानों को किसी भी प्रकार की कमी या परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी सीजन में खाद की मांग के अनुरूप अग्रिम योजना बनाकर आपूर्ति, परिवहन और भंडारण की व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रखना आवश्यक है। उन्होंने कृषि, सहकारिता और मार्कफेड अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समितियों एवं विक्रय केंद्रों पर खाद की 'नियमित और पारदर्शी सप्लाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि वितरण व्यवस्था में कोई अनियमितता या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं शिकायत मिलती है तो तत्काल जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने यह भी दिए निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने गीता भवन तथा फायर स्टेशन के लिये उपयुक्त भूमि का चयन करने, विभिन्न आयोगों के पत्रों का जवाब भेजने, न्यायालय में समय पर जवाबदावा प्रस्तुत करने, राहवीर योजना एवं हिट एण्ड रन मामले में शीघ्र कार्यवाही करने, ग्राम पंचायतों में संचालित नल जल योजना के उपभोक्ताओं से जलकर की राशि संग्रह करने तथा वालमेन के भुगतान और विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

## राष्ट्रीय सहयोग नीति पारिस्थितिकी तंत्र व सहकारिता के लिए संरचित रोडमैप संगोष्ठी का आयोजन




**सीहोर।** जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर द्वारा 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के चौथे दिवस पर प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित निपानियाकलॉ के अध्यक्ष मानसिंह जी के मुख्य आतिथ्य में महेशचन्द्र वर्मा, सुरेश गौर, शिवप्रसाद पटेल, रामनारायण चौधरी के विशेष आतिथ्य में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए तेजसिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह की मुख्यथीम आत्मनिर्भर भारत के माध्यम के रूप में सहकारिता तथा राष्ट्रीय सहकारी नीति पारिस्थितिकी तंत्र भारत की सहकारिताओं के लिए संरचित रोडमैप को समझाते हुए कहाकि सहकारिता का मूल मंत्र है हम सब मिलजुलकर कार्य करें। वही सहकारिता है। हमारे देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय द्वारा एक नई सहकारिता नीति का मसौदा तैयार कर एक 48 सदस्यी राष्ट्रीय समिति का गठन किया । समिति के द्वारा नीति का मसौदा तैयार कर नीति बनाई गई। यह समिति भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक सहकार से समृद्धि और विकसित भारत के विजन को साकार करने हेतु राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 तैयार की । यह सहकारी क्षेत्र के समग्र विकास और वृद्धि में राष्ट्रीय/संघों यूनियनों की महत्वपूर्ण भूमिका स्वीकार करती है। प्रत्येक जिले में कम—कम से एक आदर्श ग्राम विकसित करने, पर्यटन, परिवहन, बीमा और हरित ऊर्जा आदि में उभरते क्षेत्रों में नई सहकारिता मध्यप्रदेश में 2023 में नई सहकारिता नीति बनाकर सहकारिता आन्दोलन को वास्तविक जन आन्दोलन बनाने हेतु सहकार से समृद्धि के मंत्र पर आधारित प्रदेश की सहकारिता नीति के विजन मिशन पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के सहकारिता समितियों में आवश्यकता अनुसार उपयुक्त बदलाव इसमें सहकारी संस्थाओं पंजीयन, नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरलीकृत किया ।

### अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर युवा उत्सव में सीहोर की जीत




**सीहोर।** जिला समन्वयक युवा उत्सव जिला सीहोर डॉ. कलिका डोलस प्राध्यापक के मार्गदर्शन में अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर युवा उत्सव सत्र 2025-26 में जिला सीहोर ने धमाकेदार जीत हासिल की। यह समस्त जिले के लिए गर्व एवं गौरव का क्षण रहा। जिले के प्रतिभागियों ने 19 में से 10 विधाओं में पुरस्कार प्राप्त किया जिनमें एकल गान शास्त्रीय, एकल गान सुगम, समूह गान भारतीय, समूह गान पाश्चात्य, एकल वादन परकसन, एकल वादन नॉन पर्कशन, विधाओं में विजई होना गौरवान्वित करने वाली बात है न केवल सांगीतिक पक्ष वरन साहित्यिक पक्ष की विधाओं वाद विवाद पक्ष एवं विपक्ष दोनों में ट्रॉफी हासिल करना अपने आप में एक बड़ी बात है। साथ ही रूपांकन पक्ष कार्टूनिंग में तृतीय एवं शोभा यात्रा में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस गौरवपूर्ण जीत के लिए जिला समन्वयक डॉ. कलिका डोलस ने जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों, युवा उत्सव प्रभारियों, दल प्रबंधकों एवं सहभागी विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई एवं आभार प्रदर्शित किया है।

## ऑक्सफोर्ड की यामिनी सिंह ने राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन




**सीहोर।** दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर की प्रतिभाशाली कक्षा 10वीं की छात्रा यामिनी सिंह ने "फिट इंडिया – खेलो इंडिया" के अंतर्गत आयोजित 69वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय व जिला सीहोर का नाम गौरांवित किया।

यह प्रतियोगिता हाल ही में शिवपुरी में आयोजित की गई थी। यामिनी सिंह ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए 19 वर्ष बालिका वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

यामिनी की इस उपलब्धि में विद्यालय के स्पोर्ट्स शिक्षक सुमित शर्मा एवं क्रिकेट कोच आदर्श राय के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण का विशेष योगदान रहा।

यामिति सिंह को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जज स्वप्नश्री सिंह, एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने सम्मानित करते हुए कहा कि यामिनी की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण उन्हें भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियाँ दिलाएगा।

संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी अताउल्लाह खान, जिला आवासीय खेलकूद संस्थान प्राचार्य आलोक शर्मा, संकुल प्राचार्य नीना सिंह ने यामिनी सिंह को उक्त उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

# खेल महोत्सव स्कूल परिसरों में सिमटा, खिलाड़ी मैदान को तरसे

**कागज़ों में बने मैदान, गली-मोहल्लों में अभ्यास को मजबूर युवा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

सांसद खेल महोत्सव ने भैरूंदा जनपद की ग्राम पंचायतों में खेल सुविधाओं की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है। जनपद की 101 ग्राम पंचायतों में से अधिकांश आज भी स्थायी खेल मैदान से वंचित हैं। मैदानों के अभाव में प्रतियोगिताएँ स्कूल परिसरों, पक्की ज़मीन और सीमित स्थानों पर कराई जा रही हैं, जिससे न सिर्फ खिलाड़ियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है बल्कि चोटिल होने का खतरा भी बढ़ गया है।

सूत्रों के अनुसार, कई पंचायतों को वर्षों पूर्व खेल मैदान निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन शासकीय भूमि न मिलने और जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते निर्माण आज तक शुरू नहीं हो सका। कुछ पंचायतों में कागज़ों पर खाली ज़मीन की तस्वीरें लगाकर मैदान "दिखा" दिए गए, जबकि ज़मीनी हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं।

### दो मंडलों में एक भी बड़ा मैदान नहीं

गोपालपुर और लाड़कई मंडल में अब तक एक भी बड़ा खेल मैदान तैयार नहीं हुआ है। परिणामस्वरूप यहां के युवा खिलाड़ी गली-मोहल्लों में ही अभ्यास करने को मजबूर हैं। क्षेत्र में बड़े जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के बावजूद यह मूलभूत समस्या वर्षों से बदस्तूर जारी है। हाल ही में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव और युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत गोपालपुर में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ स्कूल परिसर में किया। यहां रस्साकसी समेत कई प्रतियोगिताएँ पक्की ज़मीन पर कराई गईं। कई स्कूल परिसरों में पर्याप्त मैदान नहीं होने के कारण चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकसी जैसे खेलों का आयोजन भी पक्की ज़मीन पर ही करवाना पड़ रहा है।

स्थानीय खिलाड़ियों और ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, लेकिन मुख्यालय पर ही एकमात्र बड़ा खेल मैदान है। दूरी अधिक होने के कारण युवा नियमित अभ्यास नहीं कर पाते। खेल सुविधाओं के अभाव ने खिलाड़ियों के उत्साह पर भी असर डाला है। खिलाड़ियों व ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायतें और जनप्रतिनिधि कागज़ी मैदानों के बजाय वास्तविक खेल मैदानों के निर्माण पर ध्यान दें, ताकि बच्चों और युवाओं को सुरक्षित व अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके।



**सांसद खेल महोत्सव का आयोजन, विजेताओं को नकद राशि व प्रमाण पत्र किए भेंट**

# 60 वर्षीय महिलाओं की टीम ने जीती रस्साकसी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जनपद क्षेत्र की नादान ग्राम पंचायत में सोमवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान रस्साकसी, नींबू दौड़, कुर्सी दौड़ , खो-खो आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिला और छात्र - छात्राओं ने भाग लिया । इस दौरान विजेताओं को नकद राशि व प्रमाण पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समाज सेवी राजेश राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जबकि सरपंच ममता राठौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थी।

प्रतियोगिता में ब्रिजीशनगर संकुल प्राचार्य बीएल मालवीय सेक्टर प्रभारी, जंप के बीसी चन्द्र शेखर पटेरिया नोडल एवं शिक्षक कमलसिंह मालवीय, कल्याण सिंह ठाकुर खेल प्रभारी के रूप में मौजूद थे। पंचायत के तत्वावधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम में महिला वर्ग रस्साकसी में 60 वर्षीय धनुबाई की टीम ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम को हरा दिया। जबकि पुरुष वर्ग में ममतेश की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कुर्सी दौड़ में धनुबाई ने प्रथम व शिवानी जयसवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

नींबू दौड़ प्रतियोगिता में इमलीपठार स्कूल की छात्रा निकिता ने प्रथम एवं नादान प्रायमरी स्कूल के छात्र सूरज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम समापन पर पुरूस्कार समारोह आयोजित कर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा नगर राशि एवं प्रमाण पत्र भेंट कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंचायत सचिव नेपाल सिंह नागर , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शबनमबी , जगदीश बारेला, अब्दुल अनीस खान , शिवानी जयसवाल, हरी सिंह, भीम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील इछावर जिला सीहोर**

प्रकरण क्रमांक 0005/3अ-20(3)/2025-26
इछावर दिनांक 07/11/2025

::इश्तेहार::

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद इछावर द्वारा ग्राम कस्बा इछावर स्थित भूमि खसरा कं. 834/2/3 रकबा 3240 वर्गमीटर भूमि में से 112 वर्गमीटर पर दुकान निर्माण किए जाने हेतु उक्त भूमि आवंटित की जानी है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के आबंटन के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो वह प्रकरण दिनांक 21.11.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।
उपर वर्णित स्थान अथवा निश्चित दिनांक तक आपत्ति एवं आवेदन पत्र पेश नहीं करने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 07.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील इछावर

गणेश गली मार्ग चौराहे पर एक दिन पूर्व ही किया था मंदिर निर्माण का भूमिपूजन

# मंदिर निर्माण पर आपत्ति, मौके पर पहुंची राजस्व और नपा की टीम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

स्थानीय गणेश चौक वाली गली में मुक्तिधाम मार्ग के समीप शनिवार को नगर के धार्मिकजनों, समाजसेवियों की मौजूदगी में शिव-परिवार मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन करवाया गया था। उक्त भूमिपूजन होते ही आसपास के कुछ स्थानीय जनों ने इस मंदिर निर्माण पर ही आपत्ति उठा ली। आपत्तिकर्ताओं के अनुसार मंदिर का निर्माण नजूल की भूमि पर करवाया जा रहा है जो कि नियमविरुद्ध है। भूमिपूजन के 24 घंटे बाद ही इस धार्मिक एवं पुनीत कार्य में अचानक आई बाधा और उठी आपत्तियों के बाद प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तहसीलदार अनिल शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, टीआई अखिलेश वर्मा सहित राजस्व विभाग के आरआई, पटवारियों और नगर पालिका की टीम ने जब दस्तावेज खंगाले तो उक्त सर्वे नंबर का उक्त भूखंड राजस्व की सीमा में नहीं बल्कि बसाहट वाली जगह पर पाया गया। मामले की जानकारी लगने के बाद भाजपा पदाधिकारी देवीसिंह सौंधिया, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष हर्षांत इंग्ले सहित अन्य लोग भी तुरंत मौके पर पहुंचे।

### अब होगी पूरी नापजोख

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर यह मंदिर निर्मित होना है वो भूमि समीप ही रहने वाले एक निजी व्यक्ति के स्वामित्व की है जिन्होंने स्वेच्छा से मंदिर निर्माण करने की अनुमति दी है। इस अनुमति के बाद भी आसपास के कुछ लोगों ने निर्माण पर आपत्ति उठाते हुए अवैधानिक बताया। इस पर तहसीलदार अनिल शर्मा ने नगर पालिका की टीम को निर्देशित किया कि चूंकि यह भूखंड बसाहट में है और नपा के अधीन आता है, ऐसे में पूरी नपाई करवाई जाए। इसके साथ ही अगर समीप के निजी व्यक्ति के स्वामित्व की भूमि है तो उस बारे में पूरी नापजोख के बाद ही मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ करें। अब आने वाले दिनों में नगर पालिका की टीम द्वारा यहां की पूरी नपाई इत्यादि करवाने के बाद मंदिर निर्माण कार्य आरंभ होगा।

### मौके पर लगा अनेकों लोगों का हुजूम

प्रस्तावित मंदिर निर्माण स्थल पर पुलिस एवं प्रशासनिक टीमों के अचानक पहुंचने पर मौके पर अनेकों लोगों, युवाओं का हुजूम एकत्रित हो गया और सभी मंदिर निर्माण की मांग करने लगे। हालांकि, कुछ लोगों का यह भी कहना था कि अगर किसी को आपत्ति है तो नापजोख के बाद सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा।

9 लाख 66 हजार से होना है मोरसरा पुलिया का निर्माण

# आखिरकार सुंदरपुरा की पुलिया का निर्माण कार्य हो गया आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा-लखनवास

खबर का असर




कागजों में बनी पुलिया
पुलिया निर्माण के नाम पर निकल गए लाखों रुपए!
हरिभूमि न्यूज ▸▸ लखनवास
देश सरकार भले ही भ्रष्टाचार ...त्म करने की बात करती हो ...किन सरपंच सचिव भ्रष्टाचार ...रने में नंबर वन पर है। ब्यावरा ...नपद पंचायत के ग्राम पंचायत ...दरपुरा में सरपंच-सचिव ने ...र्जी बिल लगा कर सरकारी ...शि का दुरुपयोग किया गया है ...रसरा स्थान नाले पर पुलिया का ...र्माण होना था लेकिन बिना काम ...कए 9 लाख 66 हजार 600 रुपए ...काले जिसके पंचायत दर्पण पर ...र्वती इंटरप्राइज के बिना के फर्जी ...ल लगा दिए मोरसरा की पुलिया ...नीं फाइलों में धरातल नहीं हुआ ...ाम भ्रष्टाचार का मामला आया ...ामने सरपंच और सचिव ने पार्वती ...डर्स लखनवास के नाम से एक ही ...रीख 9 फर्जी बिल लगा कर ...ाखों रुपए की राशि निकल कर ...बाट ली सरपंच से इस विषय
मे बात की आपके यहां मोरसरा पुलिया का कार्य कितना हुआ सरपंच जुझार सिंह सौंधिया बताया कि पुलिया पर अभी प... भरा हुआ है इसलिए अभी क... चालू नहीं किया है। जानकारी अनुसार पंचायत में बिना कि... काम को किए ही उसके फर्जी बि... बनाए गए और फिर इन बिलों ... आधार पर लाखों की राशि निक... ली गई इन फर्जी बिलों में सर... और सचिव दोनों की मिलीभ... साफ नजर आ रही है।

जनपद की ग्राम पंचायत सुंदरपुरा में पहले राशि निकाल ली गई और कई महिनों तक निर्माण कार्य नहीं किया गया। इस पर जब हरिभूमि लखनवास प्रतिनिधि ने मामले को 8 नबंवर के सामचार पत्र में प्राथमिकता से उठाया तब कहीं जाकर प्रशासन के दबाव में ग्राम पंचायत सुंदरपुरा के सरपंच व सचिव ने पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करवाया। उल्लेखनीय है कि गा्रमपंचायत सुंदरपुरा की मोरसरा पुलिया निर्माण के नाम से बिना काम किए 9 लाख 66 हजार रुपए सरपंच व सचिव की सांठगांठ से निकाल लिए गए थे जिनका महीनों बाद अब काम शुरू करवाया गया है। अब देखना यह है कि काम कितना गुणवत्ता पूर्ण होता है और विभाग इस पर कितना ध्यान देता है या फिर इसी तरह की लापरवाही निर्माण में भी दिखाई जावेगी।

### नामदेव समाज की बैठक में समीक्षा व नई कार्यकारिणी गठन का प्रस्ताव

**ब्यावरा।** संत नामदेव जयंती के आयोजन को लेकर नामदेव क्षत्रिय दर्जी समाज, ब्यावरा की बैठक शनिवार शाम 7 बजे स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत संत नामदेव के चित्र पूजन से हुई, जिसके बाद समाज के सभी बंधुओं की उपस्थिति में कार्यवाही आगे बढ़ी। समाज के अध्यक्ष किशोर जानोरिया ने संत नामदेव जन्मोत्सव के आय-व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाज बंधुओं ने प्रतिवेदन का अवलोकन किया और आगामी सामाजिक गतिविधियों के लिए नई योजनाओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान अध्यक्ष किशोर जानोरिया ने जानकारी दी कि समिति का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। उन्होंने समाज के समक्ष नई कार्यकारिणी गठित करने का प्रस्ताव रखा तथा अपना त्यागपत्र प्रस्तुत किया एवं जन्मोत्सव में तन-मन-धन से सहयोग करने पर समाज बंधुओं का धन्यवाद आभार प्रकट किया। व विशेष सहयोग करने वाले मोहनलाल नामदेव बैलास वाले व मुकेश नामदेव बीनागंज का फूलमाला से स्वागत किया। समाज के जिम्मेदार बंधुओं ने नए अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी के गठन हेतु आगामी तिथि निर्धारित करने पर सहमति व्यक्त की।

संगठन प्रदेशाध्यक्ष एवं कृषि विभाग के उप-सचिव भी रहे मौजूद

# अजाक्स के जिला स्तरीय आयोजन में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ(अजाक्स) के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय मंगल भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजाक्स के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं कृषि विभाग के उप-सचिव संतोष वर्मा ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों से सामाजिक एकजुटता एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग करने का आव्हान किया।

प्रदेशाध्यक्ष वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात भी सभी से कही। उन्होने कहा कि आगामी 23 नवंबर को राजधानी भोपाल में अजाक्स का प्रांतीय सम्मेलन होना है, जिसमें जिले से अधिक से अधिक संख्या में सभी उपस्थित रहें। वरिष्ठ पदाधिकारियों के उद्बबोधन उपरान्त संगठन की विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम ज्योति राजोरे को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में घनश्याम भकोरिया, रामकृष्ण वर्मा, श्यामबाबू खरे, एस.सी. आसले, अजाक्स जिलाध्यक्ष जगदीश वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों की पूर्ति सहित रखी अन्य मांगे

राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों की पूर्ति समेत अन्य मांगे रखी गईं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सजन भारतीय, मनोहर भिलाला, कैलाश दलोदिया, राजेंद्र कटारिया, बनवारीलाल खिंची, महेश मालवीय, चंदर मालवीय, सिद्धनाथ वर्मा, संदीप कटारिया सहित अजाक्स के जिला, तहसील, ब्लॉक के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। संचालन जुगराज वर्मा ने किया एवं आभार नरेंद्र जाधव ने माना।

जिला स्तरीय बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया संबोधित

# दांगी समाज ने लिया समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागने के लिए संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़



पहले हमारे समाज में बाल-सगाई और बाल-विवाह आम थे, लेकिन जैसे-जैसे दांगी समाज में शिक्षा की अलग जगी वैसे-वैसे ये कुप्रथाएं अब लगभग समाप्ति की कगार पर पहुंच चुकी हैं। इसी तरह समाज को खोखला कर रही अन्य कुप्रथाओं जैसे नुक्ता प्रथा और नातरा-झगड़ा जैसी कुरीतियों को भी हमें समूल उन्मूलना करना होगा।

उक्त बात दांगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने रविवार को मुख्यालय के मंगल भवन में आयोजित समाज की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस बैठक में झालावाड़ और आगर-मालवा जिले से आए प्रतिनिध भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। बैठक के दौरान उपस्थित समाज के सभी वरिष्ठजनों, युवाओं व अन्य ने सामुहिक रूप से उक्त सभी कुरीतियों का त्यागने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी ने कहा कि युवा आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। हमें मिली सुविधाओं और अवसरों का सदुपयोग करना है, दुरुपयोग नहीं। दांगी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि दांगी ने युवाओं से किसी भी प्रकार का नशा न करने का आव्हान किया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालचंद दांगी ने कहा कि सही परम्पराओं को अपनाना और कुरीतियों को छोड़ना समय की आवश्यकता है। समाजसेविका दीपमाला दांगी ने भी बाल-विवाह से बच्चों पर पड़ने वाले गहरे दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। सेवानिवृत्त सैनिक हिन्दू सिंह दांगी ने बताया कि राजगढ़ जिले के 400 से अधिक समाज बंधु सेना व सुरक्षा सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। तोरण सिंह दांगी ने कहा कि वर्तमान में राजगढ़ के 417 युवा राष्ट्र सेवा में कार्यरत हैं।

### नगर में निकाली विशाल बाइक रैली

मंगल भवन में आयोजित हुई सभा के पूर्व दांगी समाज के युवाओं सहित अन्य जनों द्वारा नगर में एक विशाल बाईक रैली निकाली गई। इस रैली में युवा हाथों में विभिन्न तरह की कुरीतियां त्यागने संबंधी तख्तियां हाथ में उठाए नजर आए।

# जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित



**सारंगपुर।** भारत के स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है और उनमें भगवान बिरसा मुंडा का स्थान सर्वोपरि है। 15 नवंबर 1875 को झारखंड के हाथो गांव में जन्मे इस महान योद्धा के 150वें जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद सारंगपुर के माध्यम से स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं चित्रकार सुशील व्यास ष्सारंगष ने कहा कि बिरसा मुंडा ने वनवासी समाज को संगठित कर अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष का शंखनाद किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने देश की स्वतंत्रता हेतु अपने प्राणों का बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा दी। उनके जीवन से हमें वर्तमान की चुनौतियों के प्रति सजग रहकर राष्ट्रहित में अग्रणी रहने की सीख मिलती है। इस अवसर पर खंड प्रचारक विश्वासजी ने भी बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन दिया।

खोखेड़ा गांव में 16 वर्षीय नाबालिग का कराया जा रहा था विवाह, दी गई समझाइश

# बालिका को 'वधु' बनने से रोका, तुरंत पहुंची संयुक्त टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़



जिले की अंतिम सीमा भोजपुर क्षेत्र के खोखेड़ा गांव में एक 16 वर्षीय नाबालिग के विवाह की सूचना मिलते ही विभिन्न विभागों की टीमें अलर्ट होकर तुरंत गांव पहुंच गईं। महिला बाल विकास विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम के पहुंचने पर बालिका के परिजन शादी से संबंधित तैयारी करते पाए गए।

टीम ने सर्वप्रथम परिवारजनों से बातचीत कर बाल-विवाह की कानूनी स्थिति, दंडात्मक प्रावधान और बालिका के भविष्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाइश दी। एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह दंडनीय अपराध है। टीम ने परिजनों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बालिका के वयस्क होने से पहले किसी भी प्रकार की वैवाहिक प्रक्रिया प्रारंभ न करें, अन्यथा कानूनन कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत प्रतिनिधि रखेंगे निगरानी

मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों ने पूरा पंचनामा तैयार किया, जिसमें परिजनों के बयान, परिस्थितियों का विवरण और भविष्य में विवाह न कराने की सहमति दर्ज की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि मामले पर आगे भी स्थानीय स्टेक होल्डर्स लगातार निगरानी रखेंगे, ताकि दोबारा से विवाह की तैयारी न हो सके। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में न्यायालय से निषेधाज्ञा आदेश भी प्राप्त किया जाएगा ताकि बालिका की सुरक्षा सुनिश्चित रहे और भविष्य में ऐसी कोई भी जबरन या गुप्त वैवाहिक प्रक्रिया रोकी जा सके।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

**नरसिंहगढ़।** ग्राम भेसना गुरुकुल विद्या मंदिर में जन अभियान की नवांकुर संस्था समृद्ध शिक्षण संस्था महुआ द्वारा आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री पिंकेश गुर्जर ने बताया कि जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा द्वारा पर्यावरण सनातन धर्म एवं राष्ट्र के लिए जिस प्रकार का कार्य किया हम लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र के कार्य के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। जो चुनौतियां समाज में है उनको किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है चिंतन करने की आवश्यकता है। शासकीय एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में श्याम सुंदर विश्वकर्मा उच्चत्तर मा. वि. तथा स्वैच्छिक संगठन के प्रतिनिधि बाबूलाल यादव चैतन्य पब्लिक स्कूल खानपुरा मोई के संचालक ने भी बिरसामुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला।

जन क्रांति न्याय यात्रा का दिखा व्यापक समर्थन

# आंदोलन की तैयारी को लेकर करणी सैनिकों ने किया शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरसिंहगढ़



हरदा में करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में करणी सेना द्वारा आयोजित जन क्रांति न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर रविवार को नगर में करणी सैनिकों ने जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया।

करणी सेवा प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नरसिंहगढ़ पहुंचने पर हजारों की संख्या में करणी सैनिक एकत्र हुए और नगर के प्रमुख मार्गों से विशाल जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली । कार्यक्रम के दौरान यात्रा को विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वारों के माध्यम से रोककर जीवन सिंह का भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, बैंड और जयकारों के साथ करणी सैनिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।उल्लेखनीय है कि हरदा में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेशभर में करणी सेना द्वारा 21 दिसंबर को हरदा में विशाल जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से करणी सैनिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। नरसिंहगढ़ में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि हमारी लड़ाई अन्याय के खिलाफ है। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रख रहे राजपूत युवाओं पर लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक मूल्यों पर धब्बा है।

करणी सेना न्याय और सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि समाज के स्वाभिमान और न्याय के लिए है, और आगामी हरदा यात्रा करणी सेना की एकता और शक्ति का प्रतीक बनेगी। यात्रा के समापन पर संगठन के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की और अधिक से अधिक संख्या में हरदा पहुंचने का आह्वान किया।

# कांग्रेस का बूथ लेबल प्रशिक्षण संपन्न



**ब्यावरा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के ब्यावरा विधानसभा के बूथ लेबल एजेंटो का प्रशिक्षण आमल्याहाट एवं ब्यावरा मे सम्पन्न हुआ। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, प्रशिक्षण प्रभारी प्रज्ञा फिलिप्स, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी,जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह, विधानसभा प्रभारी चंदर सिंह गुर्जर, पुनरिक्षण प्रभारी अशोक क्रांति ने सम्मिलित होकर पार्टी के बूथ लेवल एजेंटो को पूनरिक्षण के कार्यक्रम एवं नियमों से अवगत कराते हुए पुनरिक्षण की प्रक्रिया मे सम्मलित होकर मतदाताओ के सहयोग करने का आव्हान किया व प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गहन निगरानी के निर्देश दिए। इसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, मोहन लोदी, चेन सिंह गुर्जर, गोपाल बना, नपा उपाध्यक्ष अतुल जगताप एवं प्रदीप परमार शहर अध्यक्ष कपिल शिवहरे, सुरेन्द्र कुशवाह, महिला अध्यक्ष रचना भार्गव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ लेबल एजेंट सम्मिलित हुए।

मंत्री पंवार के प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा को बड़ी सौगात

घुरेल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में 47 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन

# 8 करोड़ 57 लाख रुपए के 35 सामुदायिक भवनों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा



मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री और स्थानीय विधायक नारायण सिंह पंवार के निरंतर प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्यों को एक नई गति मिली है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 8 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से 35 सामुदायिक भवनों के निर्माण को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्वीकृतियों में विशेष रूप से पवित्र तीर्थ स्थल घुरेल पहाड़ी स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में प्रस्तावित सामुदायिक भवन भी शामिल है, जो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

मंत्री पंवार ने इस महत्वपूर्ण मंजूरी के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आज मध्य प्रदेश में विकास कार्य अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहे हैं। गांवों से लेकर शहरों तक जनसुविधाओं का विस्तार हो रहा है। ब्यावरा विधानसभा भी इसी विकास यात्रा का हिस्सा बनकर निरंतर प्रगति कर रही है। 8 करोड़ 57 लाख रुपए लागत के 35 सामुदायिक भवनों की स्वीकृति, विशेष रूप से घुरेल पहाड़ी स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर में सामुदायिक भवन की मंजूरी, क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है। यह भवन श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों के लिए एक सशक्त सुविधा केंद्र सिद्ध होगा।"साथ ही मंत्री पंवार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से क्षेत्र में जनकल्याणकारी कार्यों को निरंतर मजबूती मिल रही है। इन सामुदायिक भवनों के निर्माण के बाद क्षेत्र में सामाजिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामुदायिक बैठकों और स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े कार्य और अधिक सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेंगे।

**खबर संक्षेप**

### सूची में मतदाताओं को अपना नाम ढूंढने में हो रही है मुश्किलः गुजराती

**सीहोर**। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी कर कहा है कि निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में काम करना अधिक कठिन रहेगा। 2003 से काई बार बूथ नंबर बदले,मतदान केंद्र बदले, विधान सभा, वार्ड का परिसीमन हुआ ऐसे में अपना नाम 2003 की ढूंढना बहुत मुश्किल काम है काई मतदाता 2003 की ऐसी स्थिति में अपना नाम ढूंढने में यहां वहां परेशान हो रहे हैं। इसका कारण यह है कि 40 प्रतिशत शहरी लोगों ने कई बार अपने घर बदले हैं उन मतदाताओं को भी वर्ष 2003 की सूची से मिलान करना अधिक कठिन हो रहा है। सर्वे के दौरान मृत, स्थायी रूप से विस्थापित और अनुपस्थित मतदाताओं की भी बीएलओ को ऑनलाइन एप पर एंट्री करनी होगी। मतदाता सूची का घर-घर जाकर बीएलओ गहन पुनरीक्षण कर रहे हैं, जिन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्वाचन विभाग की वेबसाइट और एप के धीमा चलने से वर्ष 2003 की मैपिंग करने में समय लग रहा है। सबसे अधिक परेशानी दूसरे राज्य से ब्याह कर लाई गई बहुओं को हो रही है।

खेतों में सिचाई के लिए पार्वती नदी में मोटरों से हो रही पानी चोरी

# एक हफ्ते में नदी का जलस्तर 1 फीट घटा लोग बोले, गर्मी में गहराएगा जल संकट

नदी किनारे 15 से 20 किलोमीटर के क्षेत्र में लगातार मोटरों से पानी खींचा जा रहा है। खेतों की सिंचाई से गर्मी में हो सकता जलसंकट।




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर की जीवनदायनी पार्वती नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है। पिछले एक हफ्ते में नदी का पानी एक फीट कम हो गया है, जिससे शहर में जल संकट की आशंका बढ़ गई है। यह स्थिति नगर पालिका की लापरवाही के कारण उत्पन्न हुई है, क्योंकि वह पानी चोरी रोकने में नाकाम रही है।नगर पालिका आष्टा शहर को पार्वती नदी से एक दिन छोड़कर जल आपूर्ति करती है। गर्मी के दिनों में पानी की कमी न हो, इसके लिए नगर पालिका ने समय पर नदी में शटर तो लगा दिए हैं, लेकिन पानी चोरी रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। नदी किनारे 15 से 20 किलोमीटर के क्षेत्र में लगातार मोटरों से पानी खींचा जा रहा है। खेतों की सिंचाई के लिए गर्मी में हो सकता जलसंकटप्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता होती है, और इस दौरान मोटरों से पानी खींचा जाता है। आमतौर पर नगर पालिका पानी चोरी रोकने के लिए एक टीम गठित करती है, लेकिन इस बार अभी तक ऐसी कोई टीम तैनात नहीं की गई है। इसी कारण धड़ल्ले से पानी की चोरी जारी है।नागरिकों रवि राठौर और मुकेश ताम्रकार ने मांग की है कि नगर पालिका को तत्काल टीम गठित कर पानी चोरी रोकनी चाहिए, अन्यथा गर्मियों में लोगों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में, नगर पालिका के सीएमओ विनोद प्रजापति ने आश्वासन दिया है कि शहरवासियों को पानी की कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने बताया कि टीम गठित कर दी गई है और पानी की निगरानी की जा रही है।

## झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़

बिना डिग्री के मरीजों का कर रहे उपचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

क्षेत्र में चोरी छिपे झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री के मरीजों का इलाज कर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। ग्राम में कई झोलाछाप डॉक्टर तो इस प्रकार के हैं जिनके पास ना तो कोई डिग्री है और न ही कोई डिप्लोमा है। इसके बाद बेखोफ होकर लोगों का इलाज कर रहे हे। जब कोई मरीज की तबीयत ज्यादा खराब हो जाती है तो उसे झोलाछाप डॉक्टर मोटे कमीशन के चक्कर में आष्टा, सीहोर, देवास पहुंचा देते है।

आए दिन झोलाछाप डॉक्टर मरीज के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन झोलाछाप डॉक्टरों के उपचार से कई बार बड़ी घटना भी हो चुकी है। फिर भी जिम्मेदार इस और क्यों ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा बना कोई मापदंड से इलाज के दौरान मरीज की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर उसे बाहर आष्टा देवास सीहोर पहुंचा दिया जाता है। झोलाछाप डॉक्टर द्वारा मरीज से अधिक पैसे भी लिए जाते है। ग्राम सिद्धि गंज में बिना डिग्री डिप्लोमा के झोलाछाप डॉक्टर किसकी निगरानी में इलाज कर रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टर क्यों गरीबों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। क्या जिम्मेदार इस ओर ध्यान देंगे और झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की जाएगी। ग्राम में कई डॉक्टर तो इस प्रकार है कि वहां थोड़ी बहुत बुखार व तबीयत खराब होने पर डायरेक्ट ही मरीज को बाटल चढ़ा देते है। झोलाछाप डॉक्टर द्वारा मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा हे। जबकी इन झोलाछाप डॉक्टरों के पास ना तो मरीज को बैठने व पीने की पानी की व्यवस्था तक नहीं होती है और ना ही मरीज को किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। कई डॉक्टरों के क्लिनिक में तो मरीजों को लेटाने के लिए पलंग तक उपलब्ध नहीं होती है।

**कार्रवाई की जाएगी**

मुझे इसकी जानकारी नहीं है मैं जल्दी दिखवाता हूं और बिना डिग्री धारी झोलाछाप डॉक्टरों पर जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

**अमित माथुर**, बीएमओ आष्टा

# अवैज्ञानिक व अव्यवहारिक लक्ष्य निर्धारण के विरोध में चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ (AVFO) जिला सीहोर के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आज जिले में पशुपालन विभाग द्वारा कृत्रिम गर्भाधान (AI) कार्य के लिए निर्धारित किए गए अमानवीय और अव्यावहारिक दैनिक लक्ष्यों के विरोध में एकजुट होकर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपे। संघ ने कलेक्टर सीहोर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि विभाग द्वारा पशुगणना के आंकड़ों के आधार पर गणितीय डाटा तैयार कर प्रत्येक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (AVFO) को प्रतिदिन 20 कृत्रिम गर्भाधान (AI) करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसे पूरा न कर पाने की स्थिति में वेतन रोकने, वेतन काटने, वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने और निलंबन जैसी दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

प्राकृतिक कार्य में प्रशासनिक हस्तक्षेपः कृत्रिम गर्भाधान एक पूर्णतः प्राकृतिक कार्य है, जिसकी सफलता मादा पशु के ऋतुकाल (Heat) में आने, पशुपालक द्वारा समय पर (6 से 18 घंटे के भीतर) सूचना देने और पशु की उपलब्धता पर निर्भर करती है। ये तीनों कारक मैदानी कर्मचारी के नियंत्रण में नहीं होते। असंभव लक्ष्य और समय की कमीः संघ ने बताया कि एक AI कार्य में औसतन 1 घंटे का समय लगता है, और संस्था का कार्यक्षेत्र 10 से 20 किलोमीटर तक फैला होता है। ऐसे में एक मानव कर्मचारी द्वारा प्रतिदिन 20 पशुओं का AI करना किसी भी परिस्थिति में संभव नहीं है। अन्य आवश्यक कार्य बाधितः AVFO को E-Attendance (सार्थक) के माध्यम से संस्था पर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहकर उपचार, औषधि वितरण, बधियाकरण और हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन भी करना होता है। इसके अतिरिक्त, टीकाकरण जैसे कार्य सुबह 7 बजे से पशुपालक के घर जाकर किए जाते हैं। 20 AI का अमानवीय लक्ष्य इन आवश्यक कार्यों को बाधित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपे गए ज्ञापन में संघ के प्रांतीय सदस्य संघ ने अपील की है कि प्रशासनिक दबाव के कारण केवल कागजी और भ्रामक आँकड़े तैयार हो रहे हैं, जिससे उन्नत नस्ल के पशु उत्पादन का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पाएगा। संघ ने मुख्यमंत्री से, जो स्वयं पशुपालक भी हैं, इस तकनीकी और वैज्ञानिक विधा को समझने और ऐसे अमानवीय आदेशों पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। संघ के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह मालवीय, जिला सचिव एस एल हिंडौलिया जिला कोषाध्यक्ष सतीश वर्मा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य युवराज सिंह,जे सी कठेरिया, पूजा विश्वकर्मा, अर्जुनसिंह धुर्वे,आर एस जाट, के एस ठाकुर,पुनीत प्रभारी,करण सिंह लबाना,अजय जवलाया, राम सिंह मालवीय, लोकेश विश्वकर्मा, कुलदीप सिसोदिया, देवेन्द्र मेवाड़ा, मिनाक्षी शाक्य, दुर्गा कठेरिया, हरिनारायण गौर, रमेश मालवीय, अंतिम मंडलोई मुकेश गोफनिया,पी सी पचलासिया,सहित समस्त AVFO सदस्य उपस्थित रहे।

### सोयाबीन खरीदी की मॉनिटरिंग करें: कलेक्टर

**सीहोर**। कलेक्टर ने कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में मंडियों में बोली को कृत्रिम रूप से नीचे आने न दिया जाए। कलेक्टर ने संबंधित मंडी अधिकारियों, उप संचालक कृषि एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन मंडी गतिविधियों की 'सघन मॉनिटरिंग' करें। यदि किसी व्यापारी या एजेंट द्वारा मिलीभगत कर बोली दबाने, अनुचित व्यवहार या किसी प्रकार की हेराफेरी की कोशिश की जाती है, तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए।

# कन्नौद रोड, अलीपुर चौराहा से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्थानीय प्रशासन के निर्देशानुसार आज कन्नौद रोड़ एवं अलीपुर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओं मुहिम चलाई गई, जिसके तहत रोड़ के किनारे गुमठी, स्थायी ठेलों, गैरेज की दुकानों को सख्ती से हटाया गया।

नपा अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी नितीन टाले के निर्देशानुसारी व नगरपालिका अतिक्रमण अमले द्वारा नगर में अतिक्रमण मुहिम प्रारंभ की है जो मुख्य मार्गो पर किए गए अवैध सामग्री रखकर, गुमठी, ठेला इत्यादि रखकर तथा झोपड़ीनुमा दुकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है ऐसे सभी अतिक्रमणों को हटाकर यातायात को सुगम बनाया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री प्रजापति ने बताया कि नगर की सर्कुलर रोड हो या फिर बाजार, हर जगह अतिक्रमण की समस्या है। दुकानदार सामान को दुकान के कई फुट बाहर तक लगा लेते हैं। इसके बाद जब ग्राहक दुकान पर खड़ा होता है, वह भी स्थान घेरता है और अपने वाहनों को भी दुकान के सामने खड़ा कर देता है। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते सड़क काफी संकरी हो जाती है।

ऐसे में राहगीरों और वाहनों के निकलने को स्थान नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं। सर्कुलर रोड पर ज्यादातर बाजार फुटपाथ पर ही लगता है। ऐसे में यहां राहगीरों को चलने के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता। इस अवसर पर अतिक्रमण प्रभारी कैलाश घेंघट, स्वच्छता प्रभारी विनोद सांगते, पप्पू खरे, रमेश यादव, गोलू घेंघट आदि मौजूद थे।

# ज्ञापन में मांग: किसानों को मिले दिन की बिजली रात में जंगली जानवरों से रहता है जान का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




किसान इस देश के अन्नदाता हैं किसानों को सुबह 7 से शाम 7 बजे तक कृषि उपयोज में आने वाले बिजली दी जाए रात में खेतों में जंगली जानवरों से रहता है जान का खतरा उक्त ज्ञापन जावर नगर के किसानो ने पूर्व न.प. अध्यक्ष शैलेश वैद्य के नेतृत्व में कनिष्क यंत्री जावर गणपति चौहान बिजली विभाग को जिलाधीश सीहोर एवं सीहोर जिले के एस. ई बिजली विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

न.प. अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव द्वारा यह घोषणा की गयी है कि किसानों को पर्याप्त बिजली दी जाए आज परिस्थिति यह है कि किसान रात में पानी फेरने के लिए अपने खेतों पर जाते हैं। तब उन्हें जहरीले जानवरों के साथ-साथ खतरनाक जंगली जानवरों से भी जान का खतरा रहता है। कई बार किसानों का सामना लकड़बबग्गे और जंगली सुवरों से भी हुआ है ऐसी स्थिति में हमेशा किसानों को अपनी जान हथेली पर रखकर कृषि कार्य करना पढता है।

पूर्व में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा भी घोषणा की जा चुकी है किसानों को पर्याप्त बिजली दी जाय परन्तु किसान को रात में बिजली देने की वजह से किसान परेशान हो रहे हैं। सभी किसानो ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की घोषणा का पालन किया जाए एवं किसानों को सुबह 7 बजे से शाम 7 तक पर्याप्त कृषि बिजली दी जाए ताकी किसान भी अपने परिवार के बिच समय बिता सकें ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से नगर पटेल धीरज सिंह ठाकुर,कांग्रेस नेता चेतन सिंह दरबार, दलेप सिंह ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, अज्जू भाई, आरिफ खां, हरिसिंह भाटी,गोपाल बैरागी, कमलेश राठौर सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित थे ।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण: बीएलओ ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को फॉर्म भरने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मतदाता पुनः निरीक्षण सूची कार्य के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं। बीएलओ न केवल फॉर्म बाँट रहे हैं, बल्कि उन्हें सही तरीके से भरने की प्रक्रिया भी समझा रहे हैं। फॉर्म भरते समय आने वाली परेशानियों को दूर करने में भी बीएलओ सक्रिय रूप से मदद कर रहे हैं। इसी क्रम में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी सहयोग कर रहे हैं। पोलिंग बूथ क्रमांक 184 पर राजनीतिक दल के प्रतिनिधि दीपक ठाकुर देहरी, भी साथ उपस्थित रहे और मतदाताओं को एसआईआर के माध्यम से वितरित फॉर्मों को सही तरीके से भरने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को अपने विवरण सही-सही भरकर समय पर बीएलओ को वापस जमा करने हेतु जागरूक किया गया।

राजश्री कॉलेज में श्रमदान व स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# हमें दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए: परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति की निगरानी में नगर पालिका की सहयोगी संस्था यूनिट वेस्ट मैनेजमेंट कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन के द्वारा राजश्री ,जुकेशन सोसाइटी फॉर प्रोफेशन स्टडीज आष्टा में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छता संवाद और सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें सक्रिय भागीदारी के लि, प्रेरित करना था। नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने कालेज प्रबंधन और विद्यार्थियों के साथ मिलकर कॉलेज के कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, मैदानों और आसपास के क्षेत्र में सघन सफाई की। राजश्री कॉलेज संचालक बीस परमार द्वारा स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता केवल कूड़ा उठाना या अपने आसपास झाड़ लगाना नहीं है। स्वच्छता ,क संस्कृति है, ,क आदत है और हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है।

स्वच्छता से केवल हमारा तन ही नहीं बल्कि हमारा मन भी साफ रहता है इसलि, हमें प्रण लेना चाहि, कि हम न केवल अपने परिवेश को स्वच्छ रखेंगे बल्कि दूसरों को भी इसके लि, प्रेरित करेंगे। हमें हमारे दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि प्लास्टिक हजारों सालों तक मिट्टी में गलता नहीं है। यह हमारे खेतों की उपजाऊ शक्ति को नष्ट कर रहा है, यह नालियों और नदियों को अवरुद्ध करके बाढ़ का कारण बन रहा है। सबसे दुखद यह प्लास्टिक छोटे-छोटे टुकड़ों यानी माइक्रोप्लास्टिक में टूटकर आज हमारे भोजन और पानी में भी शामिल हो चुका है हम अनजाने में ही सही जहर खा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय संचालक श्री बीस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, राहुल सेन, रामवती मेवाड़ा द्वारका प्रसाद करमोदिया, प्रहलाद मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, अखिलेश सक्सेना, पूजा परमार, माया मेवाड़ा, पूजा मेवाड़ा, ममता तिवारी, कविता भूतिया, मनोहर लाल, विनोद मीणा, रंजन परमार, अरविंद यादव, रीना यादव व शिवराम परमार उपस्थित रहे।

# ग्राम झिलेला में टेनिस बॉल प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम झिलेला में श्री देव कृपा दूध डेयरी के तत्वाधान में टेनिस बॉल प्रतियोगिता झिलेला टूनामेंट का शुभारंभ किया।

जिसमें प्रथम पुरस्कार भोजराज पडियार, द्वितीय पुरस्कार प्रदीप सिंह ठाकुर भंवरी के व्दारा दिया जाएगा और टूनामेंट का शुभारंभ किया गया। आयोजित हुई प्रतियोगिता में अकबर सिद्दीकी जावर, अजय ठाकुर जावर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर जावर, कृपाल सिंह नेताजी झिलेला और अनिल सिंह शर्मा झिलेला, बहादुर सिंह ठाकुर, रितेश पटेल झिलेला आदि ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।